# बाइक से जा रही महिला की डम्पर से कुचलकर मौत

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अगस्त।** मौ थाना क्षेत्र के झांकरी चौकी इलाके में मंगलवार सुबह डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने पति और बेटी के साथ दंदरौआ धाम जाने के लिए निकली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सड़क पर बाइक फिसलने से गिरी थी महिला, पीछे से आ रहा था डम्पर**



जानकारी के अनुसार, सुनीता कुशवाहा निवासी वार्ड क्रमांक चार, थाना किलागेट ग्वालियर, अपने पति घनश्याम कुशवाहा और बेटी के साथ दंदरौआ धाम दर्शन के लिए बाइक से निकली थीं। सुबह करीब 10.30 बजे जब वे झांकरी के पास पहुंचे तभी हादसा हो गया। झांकरी चौकी प्रभारी विवेक प्रभात के अनुसार बाइक चला रहे पति ने एक डंपर को गलत साइड से ओवरटेक किया। ओवरटेक के दौरान सड़क पर कीचड़ होने के कारण बाइक फिसल गई। गिरते ही महिला सीधे डंपर के पिछले पहियों की चपेट में आ गई। डंपर के पहिए उसके ऊपर से निकल गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हटवाया। डंपर को जब्त कर लिया गया है। महिला का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने सड़क हादसे की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विहसन्त सागर ने लिया अष्टमी चौदस को मौन व्रत

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अगस्त।** नगर के बगिया में चातुर्मास कर रहे मैडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसन्त सागर महाराज का 42वां अवतरण दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ सकल समाज ने मनाया।



इन अवसर पर मैडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसन्त सागर महाराज ने धर्मसभा में कहा कि मुनिराज जन्मदिन नहीं दीक्षा जयंती मनाते हैं। ये सब भक्तों का प्रेम है जो आज इतनी संख्या में लोगों का आगमन हुआ है। भिंड ही नहीं दिल्ली आगरा ग्वालियर करहल घिरोर शिवपुरी इंदौर भोपाल मुरैना अनेकों स्थानों से भक्त आये हैं। इस अवसर पर में एक और नियम ले रहा हूं, जिसमें अष्टमी चौदस को मौन रहूंगा क्योंकि जीवन का क्या है जीवन के 42 वर्ष निकल गए, इसलिए अब कठोर नियमों का पालन करना है।

इस अवसर पर मुनिराज के दर्शन करने पहुचे भाजपा अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि आज मेरा बड़ा ही सौभाग्य है कि मुझे गुरु दर्शन का सौभाग्य मिला। क्योंकि गुरुवर जिसको याद करें वह लोग निराले होते हैं गुरुवर जिसका नाम पुकारे किस्मत वाले होते हैं। उन्होंने सभी से पौधा रोपण करने का आह्वान किया।

वहां पर उपस्थित विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि गुर महाराज से पिछले 20-22 वर्षों से जुड़ा हूं। मेरा इतना सौभाग्य है कि जब भी विधायक बना, महाराज का चातुर्मास नगर में होता रहा है। समग्यान स्कूल के लिए जो मुनिराज ने मुझे आदेश दिया है गाड़ी दूंगा। इस अवसर पर भाजपा मध्य प्रदेश के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, यतींद्र जैन, उपेंद्र शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, भदौरिया, मनोज दैपुरिया, रामावतार शिवहरे, पिंकी शर्मा जिला मंत्री आदि मौजूद रहे।

**रितिक जैन ने भजनों से बाधा समां :** इंदौर से पधारे भजन गायक ऋतिक जैन की मधुर भजन के साथ समा बांध दिया णमोकार मंत्र के साथ भजन की सुरुआत की गुरुवर दो आशीर्वाद कई भजन गाये जिसमे भक्त गन झूम उठे।

**नवजीवन संस्था ने लगाया मेडिकल जांच कैंप**

नवजीवन संगठन द्वारा मुनिराज के जन्म दिवस के अवसर पर निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विवेकानंद हॉस्पिटल एवं रतन ज्योति नेत्रालय द्वारा आंखों की जांच ब्लड टेस्ट बीपी शुगर आदि की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर समाज की सामाजिक संगठन महिला संगठन आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहां पर जगदीश जैन, राजेंद्र जैन, चक्रेश जैन, नरेश जैन, पार्षद मनोज जैन, मुकेश जैन बड़ेरी, सुनील जैन शक्कर, नरेश जैन, कमलेश जैन, राजन जैन पप्पू, संजीव जैन बल्लू आदि उपस्थित थे।

# गोहद में 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर तिरंगा यात्रा आज



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 12 अगस्त।** आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज गोहद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा भिण्ड जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया शामिल होंगे।

**दोपहर 2 बजे अटल चौक से होगा शुभारम्भ**

यात्रा का शुभारंभ आज दोपहर 2 बजे अटल चौक से किया जाएगा, जो गंज बाजार, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार, इटायली गेट होते हुए अग्रसेन चौराहा पर संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा में शहर के सामाजिक बंधु, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे। यात्रा के पश्चात भाजपा कार्यकर्ता हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गोहद शहर के प्रत्येक घर पर राष्ट्रध्वज लगाने की अपील करेंगे, जिससे शहर का हर कोना तिरंगे की शान से लहराए।

# तहसीलदार की हठधर्मिता, 31 कोटवारों को नौकरी से निकाला

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अगस्त।** क्षाबंधन खुशियों का त्योहार उन परिवारों के लिए फीका हो गया जब अटेर तहसीलदार राकेश इमले की हठधर्मिता के कारण गांव की सुरक्षा करने वाले 31 चौकीदारों को 4 अगस्त को पद से पृथक कर दिया है। इस संबंध में एसडीएम अंकुर गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया।

**एसडीएम को सीटू ने दिया ज्ञापन**



मध्यप्रदेश भाजपा सरकार ने चौकीदारों के लिए कोई नया नियम बनाया है तो वह सम्पूर्ण राज्य के साथ भिण्ड जिला में भी लागू होना चाहिए था लेकिन वह कानून सिर्फ अटेर तहसील के 31 चौकीदारों के लिए पृथक कानून बना है, जिसने 31 चौकीदार परिवारों का निबाला छीन लिया है। सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियंस सीटू जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा ने उक्त आरोप भाजपा सरकार के साथ अटेर तहसीलदार पर लगाये है।

सीटू जिला कमेटी भिण्ड 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम अंकुर गुप्ता को ज्ञापन देकर मांग की है कि पद से पृथक सभी 31 चौकीदारों की पुनः सेवा बहाल की जाय, क्योंकि चौकीदारी करने के साथ प्रशासनिक अमले में सबसे आखिरी गांव का प्रशासनिक अधिकारी की जिम्मेदारी को भी निभाता है। लेकिन जीवन यापन के लिए 300 रुपए प्रतिदिन भी नहीं मिलता है और ड्यूटी 24 घण्टे की होती है भाजपा सरकार अपने कर्मचारियों का शोषण कर रही है।

न्यूनतम वेतन 26 हजार शासकीय कार्यालयों में तैनात चौकीदारों के समान वेतन मिलना चाहिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर चौकीदारों की पंचायत कर घोषणा 2007 में की थी कि कोटवारों को साइकिल दी जायेगी, दो जोड़ी जूता, दो जोडी ड्रेस, भाला, टार्च आदि समान दिया जायेगा लेकिन वह आधा अधूरा मिला है। ज्ञापन देने वालों में सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया के अलावा शिशुपाल सिंह दधिराम, गणपति, साहिद खान, संध्या सहित दो दर्जन चौकीदार उपस्थित रहे।

# मंडल अध्यक्ष ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**लहार, 12 अगस्त।** लहार भाजपा विधायक अम्बरीश शर्मा के मार्गदर्शन में मछंड में मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह राजावत की अगुवाई में नगर के मुख्य चौराहों से यह भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा लहार सुभाष अग्निहोत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव चौधरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



इस दौरान भयावह पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है। यह 11 दिवसीय अभियान जिसकी शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के द्वारा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों, समुदायों और क्षेत्रों में राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना पैदा करना है, जो देशभक्ति, राष्ट्रीय एकजुटता और तिरंगे के सम्मान के संदेश पर जोर देता है।

रैली में नारे लगाने और तख्तियां और तिरंगा लिए हुए बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से मुंशी चौधरी पूर्व सरपंच भटपुरा लहार, वीरेंद्र दूरवार, धीरज गोस्वामी बाबा, दिवाकर सिंह लालू, महेंद्र सिंह मास्टर, प्रताप सिंह बघेल, राजू सिंह भदौरिया मछंड, सुनील दीक्षित, बिहारी बोहरे, छोटू तिगुनायक, राजीव चुपरा, अमर सिंह सरपंच इम्लाहा, पवन सिंह, नीतू सिरोठिया, जीतू बगियापुरा, मोनू राजावत, सुंदर राजावत, शिवमंगल सिंह, बृजेश जादौन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मतदान संविधान की सबसे बड़ी शक्ति : डॉ. भारद्वाज

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अगस्त।** भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बनाए गए संवैधानिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग को दी गई थी, वहीं चुनाव आयोग अब भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर कमजोर करने पर तुला है। ये बात कांग्रेस प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस के मीडिया पैनलिस्ट डॉ. अनिल भारद्वाज ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोट चोरी खुलासे के बाद कही।

**भाजपा और चुनाव आयोग इसे खत्म करने पर तुला**



डॉ. भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके तानाशाही रवैए और देश की संवैधानिक ढांचे पर प्रहार कर उनका दुरुपयोग करने के कारण संविधान पर हमला करने का आरोप लगाती रही हैं। जिस तरीके से गत चुनावों में फर्जी मतदाताओं के नाम पर वोट चोरी के सबूत नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं। लोगों के मताधिकार के आधिकारों को चोरी किया गया इससे ये स्पष्ट हो गया है, भाजपा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को खत्म करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि वैसे भी भाजपा जिस सदाशिव गोलवरकर की विचारधरा को मानती है, उसमें उन्होंने हम या हमारी राष्ट्रीयता नामक अपनी पुस्तक में अम्बेडकर जी द्वारा बनाए गए संविधान को मानने से इनकार कर दिया, बल्कि ये भी स्पष्ट कहा अगर हमारी विचार धारा के लोग जब सत्ता में आएगे तब हम ये संविधान खत्म कर देंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. भारद्वाज ने कहा कि भाजपा जब से सत्ता में आई है तब से लगातार संवैधानिक ढांचे ईडी, सीबीआई और अब चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर अपना अधिकार जमाकर उनका दुरुपयोग करती आई है। लेकिन संविधान और लोकतंत्र को मानने वाली देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी जब तक जीवित है, तब भाजपा की ये मंशा कभी पूरी नहीं होगी। कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हेतु राहुल गांधी और जीतू पटवारी के नेतृत्व में संघर्ष के जरिए अपना खून पसीना बहाने का काम करेगा।

# ऊमरी पुलिस ने लूट का प्रयास करने वाले दो आरोपी पकड़े

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अगस्त।** ऊमरी थाना पुलिस ने सोमवार शाम लूट का प्रयास करने वाले दो बदमाशों को अवैध हथियार और बोलेरो कार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने रक्षा बंधन के दिन एक युवक से मोबाइल और पर्स लूटने का प्रयास किया था।

**रक्षाबंधन की शाम चार बदमाशों ने एक व्यक्ति से किया था लूट का प्रयास**



हालांकि, शोर मचने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे घबराकर आरोपी भाग निकले। घटना में चार आरोपी शामिल थे, जिनमें से दो अब भी फरार हैं।

जानकारी के मुताबिक फरियादी योगेश गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी भिंड रोड ऊमरी, विगत 9 अगस्त रक्षा बंधन की शाम लहार रोड स्थित एक होटल के पास गुमटी से कोल्ड ड्रिंक लेने जा रहे थे। तभी एक सफेद बोलेरो क्रमांक यूपी 83 जेड 4359 आकर उनके पास रुकी। बोलेरो से उतरे एक युवक ने कट्टा तानकर योगेश से सैमसंग मोबाइल छीनने की कोशिश की। उसी समय ड्राइवर भी बाहर आया और उसका पर्स निकालने लगा। योगेश ने शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग दौड़कर मौके पर आ गए। भीड़ देख आरोपी बोलेरो में बैठे और लहार की ओर भाग निकले। रास्ते में कुछ लोगों ने गाड़ी रोकने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी तेज रफ्तार में होने के कारण वे निकल गए।

**बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा**

जरिए मुखबिर सूचना मिलते ही ऊमरी थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह राजावत, दरोगा अमित सिकरवार और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लहार रोड की ओर पीछा करते हुए पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर लक्ष्मण उर्फ खुट्टी तोमर पिता तारा सिंह निवासी गढ़ी गणेश धनौला कला थाना नवोहरा जिला आगरा एवं रवि वर्मा, पिता सौदान सिंह निवासी सूरज मल का पुरा थाना शमशाबाद जिला आगरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से एक अवैध कट्टा और बोलेरो गाड़ी बरामद की है। दोनों के खिलाफ लूट की कोशिश और अवैध हथियार रखने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इस वारदात में कुल चार युवक शामिल थे। पुलिस अब बाकी दो फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कलेक्टर ने दिलाई शपथ



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 12 अगस्त।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत जनपद पंचायत कार्यालय मेहगांव में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं नागरिकों को तिरंगे के प्रति सम्मान और हर घर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई। इसी तारत्म्य के अंतरगत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव एवं नगर परिषद मेहगांव द्वारा ढ़ोल-नगाड़ों के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर परिषद कार्यालय मेहगांव से महात्मा गांधी जी की प्रतिमा मौ रोड पुरानी पानी की टंकी तक किया गया। साथ ही स्वच्छता अभियान अंतर्गत महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की साफ सफाई करते हुऐ माल्यार्पण किया। इस दौरान एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा, सीएमओ मेहगांव महेश पुरोहित सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर स्वयं नियम तोड़ते नजर आए

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अगस्त।** हेलमेट न लगाने वालों को पेट्रोल न दिए जाने का नियम फॉलो कराने पहुंचे कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव स्वयं नियमों का पालन करना भूल गए। वह पेट्रोल पंप पर मोबाइल पर बात करते कैमरे में कैद हुए, जबकि पेट्रोल पंप पर मोबाइल पर बात करने पर प्रतिबंध लागू रहता है, लेकिन कलेक्टर एक नियम को फोलों कराते हुए दूसरे नियम को स्वयं तोड़ते नजर आए।



मामला शहर की शारदा टॉकीज के पास स्थित पेट्रोल पंप का है। इस पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट लगाकर आने वाले बाइक चालकों को पेट्रोल दिए जाने की सूचना पर कलेक्टर पहुंचे थे। वह यहां पंप कर्मचारियों को समझाइश देते हुए यह समझा रहे थे कि सिर्फ हेलमेट लगाने वाले चालकों को पेट्रोल दिया जाए।

इसी बीच उनका मोबाइल घनघना उठा, जिसे कलेक्टर ने जेब से निकाला और कॉल रिसीव कर कान से लगाकर बात करने लगे। जिस जगह कलेक्टर अपने मोबाइल पर बात कर रहे थे, ठीक उसी के पास बाइकों में पेट्रोल भी भरी जा रही थी। ऐसे में कलेक्टर पर नियमों का उलंघन हुआ, लेकिन कलेक्टर को इस बात पर टोकने का साहस कोई नहीं कर सका। लेकिन आसपास खड़े पंप कर्मचारियों व आमजन ने कलेक्टर की इस हरकत पर चुटकी जरूर ली।

## गौवंश से भरा वाहन पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**भिण्ड, 12 अगस्त।** आलमपुर पुलिस ने गौवंश भरकर ले जा रहे एक वाहन को जब्त कर वाहन चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम लगभग सात बजे आलमपुर थाना क्षेत्र के गेंथरी गांव के पास काफी तेज गति से आ रहे एक लोडिंग वाहन को ग्रामीणों ने रोक लिया और जब उसकी जांच की तो उसमें पांच बछड़े बंधे हुये थे। जिसके बाद ग्रामीणों ने वाहन चालक को पकड़ लिया और आलमपुर पुलिस के साथ विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को सूचना दी। विहिप कार्यकर्ता एवं आलमपुर थाना प्रभारी रवि उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन एवं चालक को थाने पर ले आये।

# 7 अपराधों में फरार आरोपी पकड़ा, 25 अपराध हैं दर्ज



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अगस्त।** थाना प्रभारी बरोही उनि अतुल भदौरिया को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक ईनामी आरोपी दंदरौआ मन्दिर के पास है उक्त सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी बरोही एवं सायवर सेल की सयुक्त टीम मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान दंदरौआ मन्दिर पर पहुँचें तो पुलिस टीम मन्दिर के पास पहुँचते ही मुख्य द्वार पर एक व्यक्ति खडा हुआ दिखाई दिया जिसें पुलिस टीम ने पकडने का प्रयास किया तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा और अपने आप को गिर0 से बचाने के लिए मकान की दीवार पर चढकर कूद गया दीबार से कूदने में आरोपी के दोनो हाथ व पैर में चोट आ गई और पैर से खून निकलने लगा पुलिस टीम द्वारा आरोपी को घेराबन्दी कर पकड लिया गया आरोपी के चोट की बजह से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में पुलिस निगरानी में भर्ती कराया गया है।

आरोपी गोहद क्षेत्र बंकेपुरा का रहने वाला है आरोपी गोहद क्षेत्र में चलने वाले केशर से टैरर टैक्स के नाम पर वसूली करता है जिस पर से थाना गोहद में अपराध दर्ज है आरोपी शातिर है जिस पर 08-09 स्थायी वारण्ट जिला भिण्ड के थाना बरोही, गौहद, गौहद चौराहा, मालनपुर, जिला ग्वालियर महाराजपुरा, शिवपुरी बामोरी कलां से तथा आरोपी पर कुल 25 अपराध दर्ज है जिसमें लूट, डैकेती, हत्या का प्रसाय, चोरी, नकबजनी, अवैध बसूली, मारपीट जैसे अपराध शामिल है। उक्त आरोपी पर श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन द्वारा गिर0 हेतु 30,000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

**सराहनीय भूमिका :** थाना बरोही टीम उ.नि. अतुल भदौरिया, सउनि बाबू जादौन, आर विकास, आर0 अनिल तोमर, आर0ओमवीर सिंह, आर. अर्जुन, आर. गजेन्द्र ।

**सायवर सेल टीम :** निरीक्षक शिवप्रताप राजावत थाना प्रभारी उमरी, सायवर सेल प्रभारी उ0नि0 वैभव तोमर, सउनि सत्यवीर सिंह, प्रआर0 महेश कुमार, प्रआर0 प्रमोद पाराशर, प्रआर0 सतेन्द्र यादव, प्रआर अजय कुमार, प्रआर अजय बधेलआर0 आनन्द दीक्षित, आर0 राहुल यादव, आर0 हरपाल चौहान, आर रितिक, आर पवन यादव।